Title : Need to provide appropriate place for disposal of garbage by landless people including dalits in the country.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : माननीय सभापति महोदय, आपके द्वारा मैं ग्रामीण विकास मंत्रालय का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि आज मंत्रालय ने यह फैसला किया है कि देश के सभी जिलों में 100 फीसदी सैनिटेशन होगा। हमारे देश में ऐसे गांव भी हैं, जहां दलित और भूमिहीन लोग रहते हैं। उनके पास अपना जीविका चलाने के लिए सिर्फ पशुधन है, लेकिन उनके पास गोबर और दूसरा कूड़ा-करकट फेंकने के लिए कोई जमीन नहीं है। उस गन्दगी को वे वहीं स्टोर कर लेते हैं। इसलिए यह जो 100 फीसदी सैनिटेशन का अभियान है, वह पूरा नहीं हो पाएगा। जब तक इन दलितों और भूमिहीन लोगों को कूड़ा-करकट फेंकने के लिए और गोबर फेंकने के लिए जगह न दी जाएगी तब तक यह अभियान पूरा नहीं होगा। इसलिए मैं आपके माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्रालय से उम्मीद करता हूँ कि इन दलित और भूमिहीन लोगों को गोबर और कूड़ा-करकट फेंकने के लिए जगह दी जाए।